Light of Life Trust

# लाइट ऑफ लाइफ टाइम्स

वॉल्यूम २३ शुभ दिवाली अक्टूबर २०२३

## हमारा मिशन

**जीवन में एक बार गरीबी के पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले चक्र को तोड़ना।**

१८+ सालों में हमने भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ५,४८,०३९ से ज़्यादा लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। हमारी पहल हमारी डिवीज़न – आनंदो और जागृति के माध्यम से शिक्षा, समुदाय और कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों तक फैली हुई है।

## हमारा बोर्ड

- सुश्री विली डॉक्टर – संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी
- सुश्री गायत्री रुइया – ट्रस्टी
- श्री. जितेंद्र मेहता – ट्रस्टी
- श्री. पुनीत बी. आनंद – ट्रस्टी
- श्री. अशदीन डॉक्टर – ट्रस्टी

## सुश्री विली डॉक्टर, लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी को महात्मा पुरस्कार २०२३ दिया गया



सुश्री विली डॉक्टर, लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट की संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी को ३० सितंबर, २०२३ को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित एक समरोह में "सामजिक ज़िम्मेदारी, सामजिक भलाई और प्रभाव में नेतृत्व के लिए वर्ष २०२३ का प्रतिष्ठित महात्मा पुरस्कार" दिया गया।

महात्मा पुरस्कार, सामजिक प्रभाव डालने वाले और अधिक स्थाई भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाले वैश्विक प्रभाव नेतृत्वकर्ताओं और परिवर्तनकर्ताओं को मान्यता देता है और उन्हें समानित करता है।



## लाइट ऑफ लाइट ट्रस्ट, रन फॉर एजुकेशन – इंटरनेशनल वर्चुअल मैराथन २०२३, एक शानदार सफ़लता !



लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट ने १३ से १५ अगस्त के बीच अपनी दूसरी इंटरनेशनल वर्चुअल मैराथन २०२३ सफ़लतापूर्वक आयोजित की। १३ अगस्त को, कर्जत तालुका, जिला रायगढ़ में पहली वास्तविक मैराथन आयोजित की गई, जिसमें ५०० से अधिक धावकों ने भाग लिया। दौड़ को हरी झंडी एलओएलटी की संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी, सुश्री विली डॉक्टर और कर्जत की मेयर श्रीमती सुवर्णा जोशी ने अन्य गण्यमान व्यक्तियों के साथ मिलकर दिखाई। इसी तरह, सभी लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट केन्द्रों भारत के अन्य क्षेत्रों और विदेश के धावकों ने शिक्षा के उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए मैराथन में भाग लिया।





इस मैराथन को ओमनीकॉम मीडिया ग्रुप (मुख्य प्रायोजक), नवभारत (मीडिया सहभागी), रेडियो सिटी ९१.१ एफ़एम (रेडियो सहभागी), फिजियो रीहैब (फिजियो सहभागी) और आईटीएम विश्वविद्यालय (सहयोगी सहभागी) ने अपना समर्थन दिया। श्री विट्ठल काम्बले जो ३९१ मैराथन दौड़ चुके हैं, ने अपना समर्थन दिखाया और कर्जत में एलओएलटी मैराथन में भाग लिया। इस वर्ष ७५०० से अधिक लोगों ने एलओएलटी मैराथन के लिए पंजीकरण करवाया।



| OMG | Navābharat नवभारत नवराष्ट्र | Radio City 91.1 FM | Physio Rehab | ITM University |
|---|---|---|---|---|
| Main Sponsor | Media Partner | Radio Partner | Physio Partner | Supporting Partner |

## गुरु पूर्णिमा उत्सव



२ जुलाई को, सत्यवती स्पिरिचुअल फाउंडेशन ने मुंबई के बहु-उद्देशीय हॉल बीयू मोंडे टावर में एक गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट के १३ आनंदो प्लस लाभार्थियों को एलओएलटी के ट्रस्टी सुश्री गायत्री रुइया, श्री पुनीत बी आनंद और श्री अशदीन डॉक्टर की मौजूदगी में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

**सामानित किए गए आनंदो प्लस के स्टार छात्रों में शामिल रहे :**

- ★ श्री भानुदास श्रीरंग चव्हाण, कोंडीवडे सेंटर, बी. कॉम और तबला प्रथम, एलओएलटी के तबला शिक्षक।
- ★ सुश्री अलिशाबा प्रकाश उजागारे, खोपिली सेंटर, मनोविज्ञान से स्नातकोत्तर, एलओएलटी की शोध सहायक।
- ★ श्री विपुल दिलीप हिसाल्के, नेरल सेंटर, वर्ष २, एल.एल.बी., सिटी इंटरप्राइजेज कंस्ट्रक्शन मैं प्रबंधक के पद पर कार्यरत।
- ★ सुश्री रोशनी अभिमन्यु अलीमाकर, नेरल सेंटर, बीएससी ऑप्टोमीट्री, टाइटन ऑय में ऑप्टोमीट्रिस्ट के पद पर कार्यरत।
- ★ सुश्री सृष्टि अजय राजगुरु, नेरल सेंटर, फाइन आर्ट्स में स्नातक, बीआरडीएस संस्थान में कार्यरत शिक्षक।
- ★ सुश्री कंचन पांडुरंग बाइकर, नेरल सेंटर, एम.कॉम, एलओएलटी की शिक्षक और स्वयं की कक्षाएं चलाती हैं।
- ★ सुश्री अक्षता अशोक राउत, चोंधी सेंटर, एमएससी, यूनीफीडर प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत एग्जीक्यूटिव।
- ★ श्री साक्षात संतोष महात्रे, चोंधी सेंटर, एमबीए, पिर्हो अल्फा रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव।
- ★ श्री कुमार नाथूराम महात्रे, वलाके सेंटर, मैकेनिकल से डिप्लोमा (पॉलिटेक्निक), महिंद्रा एंड महिंद्रा में कार्यरत एग्जीक्यूटिव।
- ★ श्री सनी राजेंद्र सावंत, वलाके सेंटर, बीएससी हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, प्राइमर थ्री, मुंबई में कार्यरत शेफ़।
- ★ डॉ. सावित्री राठौड़, अलीबाग सेंटर, बीएचएमएस, जीवन ज्योत अस्पताल, कमोठे में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी।
- ★ सुश्री शालिनी सुभाष वाधवाल, मनगाँव सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन से बीटेक, केपजैमिनी टेक्नोलॉजी सर्विस इंडिया लिमिटेड में एनालिस्ट के रूप में कार्यरत।
- ★ श्री राहुल युवराज जाधव, अलीबाग सेंटर, फायर एंड सेफ्टी से डिप्लोमा और पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम में फायरमैन के रूप में सेवारत।





इस कार्यक्रम में अनंत संगीत छात्रों ने शिक्षकों के साथ मिलकर एलओएलटी की संस्थापक, सुश्री विली डॉक्टर के सम्मान में एक प्रस्तुति दी। आनंदो छात्रों ने गुरु-शिष्य के रिश्ते को दर्शाने वाली कहानी 'गुरु शिष्य की कथा' का मंचन भी किया।

## हमें उन पर गर्व है



**श्री शिवम् श्रवण**, वाशिम जिले में मनोरा सेंटर से आनंदो प्लस के एक छात्र का चयन महाराष्ट्र पुलिस, सोलापुर में पुलिस कांस्टेबल के रूप में हुआ है। अकेले माता-पिता वाले बच्चे शिवम्, जो की आनंदो के लाभार्थी हैं, ने अपना कला से अपना स्नाताक पूरा किया और साथ ही पुलिस कांस्टेबल परीक्षा की तैयारी की। सफलतापूर्वक पूरा करने पर उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया।



**श्री लक्षदीप गणेश जाधव**, वाशिम जिले के शेंदुरजाना सेंटर के आनंदो प्लस छात्र, चन्द्रभागा पोद्दार लर्न स्कूल दिन्द्रुड, जिला बीड, में उप-प्रधानाचार्य के पद पर काम कर रहे हैं। उन्होंने पुणे से बीसीए करने के साथ-साथ एक अतिरिक्त आईटी कोर्स भी किया है। दो साल पहले दिल का दौरा पड़ने से उनके पिता की मृत्यु हो गई लेकिन अपनी चुनौतीपूर्ण वित्तीय स्थिति के बावजूद उन्होंने अपनी शिक्षा जारी राखी और अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा। वे वर्तमान में ₹ ३८,०००/- प्रति माह कमाते हैं और अपने पूरे परिवार को सहारा देते हैं।

**श्री प्रकाश शिंदे**, वाशिम जिले में मनोरा सेंटर से आनंदो प्लस के एक छात्र, मुंबई मंत्रालय में राजस्व सहायक के रूप में काम कर रहे हैं। श्री प्रकाश ने अपनी विज्ञान से स्नातक की डिग्री एमएसपी सीनियर कॉलेज, मनोरा से पूरी की और पिछले तीन सालों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। उनकी मेहनत और लगन के परिणामस्वरूप वे सफ़ल हुए और इस पद को प्राप्त किया।



**श्री रवि बड़वे**, मनोरा सेंटर, वाशिम जिले के एक आनंदो प्लस लाभार्थी ब्राइट आउटडोर प्राइवेट लिमिटेड मुंबई से एक तकनीशियन के रूप में जुड़े हैं। अपना बीए, सिविल निर्माण में डिप्लोमा और अन्य तकनीकी कोर्स पूरे करने के बाद, वे प्रभावी रूप से फिल्म उद्योग में काम करने के लिए तैयार थे।






**श्री अर्जुन लाड** आनंदो प्लस के कर्जत तालुका से आने वाले दृढ़ निश्चयी, मेहनती, महत्वाकांक्षी और उत्साही छात्र हैं। वे दिव्यांग हैं और उन्होंने दिव्यांग होने के बावजूद अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए कड़ा परिश्रम किया है। वह एक दूरस्थ गांव - नेवाले में रहते हैं और अपने समय में ४ किमी दूर स्थित स्कूल पढ़ने जाते थे। उन्होंने केएमसी कॉलेज, खोपोली से सफलतापूर्वक बीकॉम की पढ़ाई पूरी की। अब अर्जुन ने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद कर्जत में ही खुद का एक डिजिटल सर्विस सेंटर खोला है। उन्होंने लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट के नेतृत्व और प्रेरणा के कारण ही उन्हें अपने सपने को आगे बढ़ाने और इस सफलता को हासिल करने में मदद मिली।



**श्री सुमेध तायडे**, वाशिम जिले के शेलुबज़ार सेंटर के आनंदो प्लस छात्र ₹ २५,००० प्रति माह के वेतन पर वाशिम जिले के मंग्रुलपीर में महाराष्ट्र सरकार के पशुपालन विभाग में पशुधन पर्यवेक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मालेगांव, जिला वाशिम से विज्ञान विषयों के साथ अपनी बारहवीं और पशुपालन से अपना डिप्लोमा पूरा किया।

**श्री राहुल रमेश पवारा**, धड़गाँव तालुका में बोरवन गाँव से आनंदो प्लस के छात्र, ने सीयूईटी (यूजी) पास कर के एक शानदार उपलब्धि हासिल की है और दिल्ली के शीर्ष पांच विश्वविद्यालयों में से एक में अपनी सीट कन्फर्म करली है। कम आय वाले परिवार से लेकर राजनीति विज्ञान में उच्च शिक्षा हासिल करने की उनकी यात्रा प्रेरणा देने वाली रही है। एलओएलटी के मार्गदर्शन में वे प्रवेश पाने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में सफ़ल रहे हैं।



यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाना जारी रखें। यूनाइटेड वे ऑफ़ मुंबई के पोर्टल पर हमारी संस्थापक, सुश्री विली डॉक्टर के टाटा मुंबई मैराथन २०२४ के फण्डरेज़र पेज को अपना सहयोग दें।

Follow the link to support
https://bit.ly/VillyDoctorTMM24

सहयोग करने के लिए इस लिंक पर जाएँ
यां इस क्योंआरकोड को स्कैन करें।



TATA MUMBAI MARATHON
TATA CONSULTANCY SERVICES
2024

## नए क्षेत्रों में आनंदो स्कूल एमपॉवरमेंट प्रोग्राम की शुरुआत




**घुगुस, चंद्रपुर तहसील, जिला चंद्रपुर, महाराष्ट्र और लॉयड्स इनफिनिट फाउंडेशन फॉर एजुकेशन (लाइफ़) के बीच साझेदारी**

लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट ने लॉयड्स इनफिनिट फाउंडेशन फॉर एजुकेशन के साथ सहयोग करते हुए महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में आनंदो स्कूल एमपॉवरमेंट प्रोग्राम (एएसईपी) की शुरुआत की है। इस प्रोग्राम को तीन स्कूल में लागू किया जाएगा: प्रियदर्शिनी कन्या विद्यालय, घुगुस, न्यू इंग्लिश हाई स्कूल, पांढरकावडा और इंदिरा गाँधी विद्यालय, पढोली, जिसमें ७३४ छात्रों और २१ शिक्षकों को शामिल किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन १८ और १९ जुलाई २०२३ को ३ स्कूल में श्री संजय कुमार, इकाई प्रमुख, घुघुस; श्री प्रशांत पुरी, उपाध्यक्ष, मुंबई; श्री पवन मेश्राम, मानव संसाधन प्रबंधक, घुगुस; सुश्री नम्रपाली गोंडाने, सीएसआर प्रमुख, मुंबई; और लॉयड्स मेटल्स से संबंध रखने वाले श्री तरूण केशवानी, श्री रतन मेहता, और श्री आदित्य सिंह के साथ-साथ श्री सुधीर कुमार गजभिए, प्रमुख – शिक्षा, सुश्री कंचन थोरवे, प्रबंधक – आनंदो और एएसईपी और एलओएलटी एएसईपी चंद्रपुर टीम की मौजूदगी में किया गया था।

इसी दिन सभी ३ स्कूल में कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला और किताबों के एक पुस्तकालय का भी उदघाटन किया गया। इसके बाद अतिथि गणों के कर कमलों से स्कूल के छात्रों को शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। सभी स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और विशेष व्यक्तियों ने उद्घाटन में अपनी मौजूदगी दी।




**कुकर्मुंडा तहसील, तापी जिला, गुजरात राज्य**

आनंदो स्कूल सशक्तिकरण कार्यक्रम गुजरात राज्य के तापी जिले के कुकरमुंडा तहसील में शुरू किया गया, जिसमें २ स्कूलों: श्री सरस्वती विद्यालय और सेठ एस.के. कपाइयि विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन १२ सितंबर २०२३ को स्कूल के प्राचार्यों और शिक्षकों के साथ-साथ एलओएलटी टीम के सदस्यों, श्री सुधीर कुमार गजभिये, प्रमुख-शिक्षा, सुश्री कंचन थोर्वे, प्रबंधक-आनंदो और एएसईपी, और एएसईपी, और एलओएलटी एएसईपी कुकरमुंडा टीम की उपस्थिति में किया गया। गणमान्य व्यक्तियों ने उसी दिन कंप्यूटर प्रयोगशाला और विज्ञान प्रयोगशालाओं का उद्घाटन भी किया। इसके बाद छात्रों को शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया।




## श्री संत लक्ष्मण महाराज विद्या मंदिर, कवादगाँव जिला अहमद नगर में होगानास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से नव निर्मित विज्ञान कक्ष और प्रयोगशाला का उद्घाटन



इस नवनिर्मित और सुसज्जित विज्ञान कक्ष का उद्घाटन २८ जुलाई, २०२३ को श्री विनय शिंदे (होगनास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एचआर और संचार निदेशक), श्री अभिषेक कोलपेक (होगनास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक एचआर और एडमिन), श्री शैलेन्द्र खलदकर (होगनास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एचआर और एडमिन प्रबंधक), और स्कूलों, गांवों और लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट टीम के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में किया गया। नवनिर्मित और अच्छी तरह से सुसज्जित यह विज्ञान प्रयोगशाला स्कूल में छात्रों को व्यावहारिक विज्ञान प्रयोगों के जरिए संबंधित विषय का ज्ञान प्रदान करेगी, जो पहले स्कूल में सुविधा न होने के कारण गायब थी।



## प्रशिक्षण सहभागी के रूप में लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट



अनन्या फाउंडेशन, शिक्षा की अपनी पहल के जरिए शाहपुर में ४४ माध्यमिक विद्यालयों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसमें अनन्या फाउंडेशन के शिक्षकों का व्यापक प्रशिक्षण, और गणित में, विभिन्न आवश्यक विषयों में स्कूली शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे दो महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम किया जाएगा, जिससे स्कूल स्तर पर प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

एलओएलटी को प्रशिक्षण साझेदार के रूप में नियुक्त किया गया है, जिसके तहत एलओएलटी टीम का काम गणित के सहायक शिक्षकों और स्कूल शिक्षकों को शिक्षाशास्त्र, कक्षा प्रबंधन और अन्य पहलुओं में प्रशिक्षित करना होगा, जिससे स्कूल स्तर पर प्रदान की जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

गणित के सहायक शिक्षकों का पहला प्रशिक्षण ४ और ५ सितंबर, २०२३ को आयोजित किया गया जिसमें २३ शिक्षकों ने भाग लिया। नियुक्त किए गए सहायक शिक्षकों का स्तर जानने के लिए टीचर बेसलाइन भी आयोजित की गई। स्कूल का मुख्य ओरिएंटेशन सत्र २९ अगस्त, २०२३ को शाहपुर में गणमान्य व्यक्तियों, शाहपुर के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) श्री चव्हाण, अनन्या फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मुखर्जी और एलओएलटी के शिक्षा प्रमुख श्री सुधिकुमार गजभिए की मौजूदगी में आयोजित किया गया। सत्र के दौरान कुल मिलाकर ३९ प्राचार्य मौजूद रहे।

## शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम



आनंदो डिवीज़न के अंतर्गत महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा में लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट द्वारा चलाए जाने वाले सभी सेंटर में वार्षिक शिक्षा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ३९७८ आनंदो लाभार्थियों, २१०० आनंदो प्लस लाभार्थियों, २५८३ आनंदो स्कूल एमपॉवरमेंट लाभार्थियों को शामिल किया गया।

## पर्यावरण संरक्षण: फलदार पौधों का वितरण



**पर्यावरण संरक्षण वर्टीकल के तहत ६०० अतिरिक्त किसानों को, ऑल कार्गो लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के साथ साझेदारी में, ३०००० फलदार पौधे वितरित कर सहयोग दिया गया।**

जुलाई–अगस्त माह में कर्जत तालुका के २९ गांवों के ६०० किसानों को फलदार पौधे वितरित किए गए। पिछले ८ वर्षों में, ऑल कार्गो लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के साथ की गई इस साझेदारी के तहत ५६५७ किसानों को सहयोग दिया गया है।

**पर्यावरण संरक्षण: कर्जत तहसील, रायगढ़ जिले और मुरबाड तहसील, ठाणे जिले के २१ गांवों के ५४० किसानों को १०६०० फलदार पौधों के वितरण के जरिए शामिल करने वाली नई साझेदारियां**

- २ जुलाई: ऑटोडेस्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड – २०० किसान – २० पौंधे प्रति किसान।
- ३ जुलाई: एवेरेस्ट कैंटो – ३०० किसान – २० पौंधे प्रति किसान।
- ३१ जुलाई: रैलिस इंडिया लिमिटेड – ४० किसान – १५ पौंधे प्रति किसान।

## विश्व ओआरएस सप्ताह का आयोजन




ओआरएस दिवस २९ जुलाई को मनाया जाता है और ओआरएस सप्ताह २५ जुलाई से लेकर ३१ जुलाई तक मनाया जाता है। लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट, कर्जत की मेडिकल मोबाइल यूनिट ने डोंगरपाड़ा के आश्रम स्कूल में विश्व ओआरएस सप्ताह का आयोजन किया। वीडिओ और पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन का इस्तेमाल करते हुए जागरूकता सत्रों के जरिए ३१९ छात्रों को ओआरएस के महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई।

२७ जुलाई को, मुर्बाद की मेडिकल मोबाइल टीम अनुधनित आश्रम स्कूल, वलिव्हारे के ११७ चहरों के साथ मिलकर जागरुकता सत्र से विश्व ओआरएस सप्ताह का आयोजन किया।




## संपर्क

वन बीकेसी, सी-विंग, यूनिट नं.: १५१९, प्लॉट नं.: सी-६६, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - ४०० ०५१.
फ़ोन नंबर: +९१ २२ ६९०४ ७४७०
ईमेल : connect@lightoflifetrust.org

## शाखा कार्यालय :

**महाराष्ट्र :** • अहमदनगर • अकोला • अलीबाग • जालना • कर्जत • मानगांव • मुंबई • मुरबाद • नंदुरबार • वाशिम • यवतमाल
**गुजरात :** • कुकरमुंडा **मध्य प्रदेश :** • सेओनी
**राजस्थान :** • बिजोलिया • सीकर **ओडिशा :** • अंगुल

www.lightoflifetrust.org +91-9820 689 131

@LightOfLifeTrustIndia @lightoflifetrust_lolt @lightoflifetrst lightoflifetrust youtube.com/c/lightoflifetrust

## पार्टनर्स विजिट



२२ अगस्त २०२३ को डीएल शाह ट्रस्ट के सीईओ खुशरू खंबाटा, डीएल शाह ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री गुर स्वरुप (इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ क्लासिफिकेशन सोसाइटीज के पूर्व ऑडिट प्रबंधक), श्री एस.एम. पठानिया (महाराष्ट्र राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक), श्री के.के. नोहरिया (क्रॉम्पटन ग्रीव्स लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष और एमडी), श्री बलदेव राज अरोड़ा (एशिया और प्रशांत रिम, वायथ न्यूट्रिशन, नेस्ले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अध्यक्ष) कर्जत केंद्र के दौरा पर आए और सहयोग की संभावना को लेकर बातचीत करने के लिए एलओएलटी की संस्थापक और प्रबंध ट्रस्टी, **सुश्री विली डॉक्टर, श्री रमेश दासवानी द्व सीईओ, सुश्री कमल दमानिआ – सीओओ** – एलओएलटी के साथ बैठक में भाग लिया।

## फ़ाइजर लिमिटेड, बीकेसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी



लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट ने फ़ाइजर लिमिटेड, बीकेसी के सहयोग के साथ लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट के लाभार्थियों द्वारा बनाई गई राखी और आभूषण उत्पादों की बिक्री के लिए ३० अगस्त और १ सितंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी और उत्पाद की ख़ूब बिक्री हुई। बिक्री से होने वाली आय, कार्यक्रम के लाभार्थियों को दी जाएगी।

## लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट राजस्थान की टीम को बिजोलिया ब्लाक के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट द्वारा सम्मानित किया गया



१५ अगस्त, २०२३ को भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, बिजोलिया ब्लॉक के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय काम करने वाली लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट, राजस्थान टीम को लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट, राजस्थान को एक पुरस्कार से सम्मानित किया।

## एलओएलटी की उत्पादन इकाई



कर्जत, मुर्बाद, शिवार, अकोला और तलोढा एलओएलटी की उत्पादन इकाई की महिलाओं ने नए शैक्षिक स्तर के शुरू होने पर आनंदो छात्रों और अन्य स्कूल के छात्रों के लिए २७०३ यूनिफार्म सिलीं। इस ऑर्डर से ६६ महिलाओं को रोज़गार मिला।

लाइट ऑफ़ लाइफ़ ट्रस्ट को पेटीएम के जरिए सहयोग दें

Contribute Now ! Paytm

https://m.paytm.me/LOLT